# स्कॉर्पियो में आए तीन बदमाश युवक को पीट कर छोड़ भागे



दुकान की छुट्टी के बाद पैदल घर जा रहे युवक के अपहरण प मारपीट की घटना को लेकर लोग सायला थाने पर जमा हुए। फोटो-राष्ट्रदूत

**सायला**, (निसं)। शहर में रविवार रात्रि को दुकान की छुट्टी के बाद पैदल घर जा रहे एक युवक के साथ तीन बदमाशों ने मारपीट कर स्कॉर्पियों गाडी में डालकर अपहरण कर ले गए। लेकिन पुलिस के पीछा करने की भनक लगने पर युवक को ओटवाला रोड पर छोड़कर तीनों बदमाश फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार पीडित युवक जितेन्द्र कुमार पुत्र छतराराम जाति भील उम्र 21 वर्ष निवासी सायला ने रिपोर्ट पेशकर बताया कि मैं सायला में एक किराणा दुकान पर काम करता हूं तथा रहवासी मकान भीलवाडी में आया हुआ है। रविवार को रात्रि 9 बजे के लगभग दुकान की छुट्टी के बाद मोबाइल पर बात करते हुए पैदल घर जा रहा था। इस दरम्यान पुराना बस स्टेण्ड से भीलवाडी पहुंचा तभी विराणा की तरफ से एक सफेद रंग की स्कॉर्पियों गाडी आकर मेरे पास रूकी व उसमें से तीन लडके नीचे उतरे। जिसमें एक लडके ने कहा कि मुझे जानता है मैं दुर्गदान राव सायला हूं। इतना कहकर मेरा मोबाइल छीन लिया व जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। तीनों ने मेरे साथ मारपीट कर मुझे छोड दिया। तब मैं दुसरे रास्ते से घर जाने लगा तो तीनों बदमाश गाडी घुमाकर वापिस आए व जबरदस्ती मुझे गाडी में डालकर अपहरण कर ओटवाला की तरफ ले गए व बीच रास्ते में लातों-घुसों से मेरे साथ मारपीट की। दुर्गदान राव में मेरे जेब में रखे 1० हजार रूपये छीनकर ले लिए और बाद में ओटवाला रोड पर हनुमानजी मंदिर के वहां गाडी रोककर पटककर चले गए। साथ ही पुलिस थाने जाने पर जान से मारने की धमकी दी। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की। दुकान की छुट्टी के बाद घर लौट रहे एक युवक के साथ मारपीट करने एवं अपहरण कर ले जाने की सूचना शहर में आग की तरह फैल गई। जिस पर पुलिस थाने के आगे भील समाज के महिलाओं एवं पुरूषों समेत ग्रामीणों की भीड जमा हो गई तथा आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। जिस पर पुलिस थानाधिकारी सुरेन्द्रसिंह ने आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया तथा शहर के मौजिज व्यक्तियों की समझाईश के बाद लोग शांत हुए।

पुलिस के अनुसार घटना में शामिल आरोपी हुकमसिंह पुत्र शिवनाथसिंह निवासी बोरवाडा एवं निम्बाराम पुत्र गोकलाराम मेघवाल निवासी तूरा को गिरफ्तार किया है। वही फरार आरोपी दुर्गदान राव फरार है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम प्रयास कर रही है।

## जालोर में गैर महोत्सव शुरू

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के बडी पोल के बाहर हर वर्ष की भांति पॉच दिवसीय महोत्सव का आयोजन 17 से 21 मार्च तक भक्त प्रहलाद चौक बडी पोल के बाहर गैर महोत्सव का शुभारम्भ सोमवार को पीर गंगानाथ महाराज के सानिध्य में हुआ।

भक्त प्रहलाद सेवा समिति के अध्यक्ष अम्बालाल माली ने बताया कि भैरूनाथ अखाडे के ईष्वरनाथ महाराज के द्वारा भगवान नरसिंग व ब्रह्मलीन शांतिनाथ महाराज के तस्वीर के समक्ष पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्जवलित कर पुजा अर्चना की गई। प्रथम दिन स्थानीय गैर दल द्वारा गैर नृत्य की शानदार प्रसुती दी। सोमवार को बिजली गॉव के गैरियो ने पैरो में घुघरू, कमर में दुपटटा , माथे पर साफा में कलंगी लगाकर , ढोल थाली की थाप पर प्रस्तुति दी। अध्यक्ष अम्बालाल माली ने बताया कि मंगलवार को अन्तर्राश्ट्रीय ख्याति प्राप्त हडमतगढ गॉव के गैरिये अपने गैर दल के साथ प्रस्तुति देंगे स्थानीय सभी समाजों के गैर दलों, हांस्य कलाकार समदडी द्वारा बेहतरीन प्रस्तुति गैर नृत्य का आयोजन भक्त प्रहलाद चौक में दिन को दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक व रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक रोजाना किया जायेगा।

पवनपुरी महाराज सरक्षंक सादुलाराम घांची ,मकसा मेवाडा , मोहनलाल घांची व गमनाराम सुन्देषा, समिति अध्यक्ष अम्बालाल माली, कोशाध्यक्ष राजु घांची, सह सचिव छतराराम घांची आदि मौजूद रहे।

# भाजपाइयों का स्नेह मिलन समारोह आयोजित




उम्मेदाबाद में भाजपा कार्यकर्ताओं का स्नेह मिलन समारोह आयोजित हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर के निकट उम्मेदाबाद में भाजपा मंडल उम्मेदाबाद का स्नेह मिलन समारोह का आयोजन के मुंडेश्वर महादेव मंदिर बिशनगढ में आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि जालोर विधायक मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग और भाजपा के कप्तान जालोर जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित और मंडल अध्यक्ष उत्तम चंद गर्ग व पूर्व मंडल अध्यक्ष राव गणपत सिंह बगेडिया की अध्यक्षता में समारोह आयोजित किया गया।

मंत्री जागेश्वर गर्ग ने सभी क्षेत्र वासियों को होली की बधाई दी और सरकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचने के लिए अपील की।

पुखराज वीराना जिला महामंत्री, ठाकुर भवानी सिंह जी बकरा, रामप्रकाश चौधरी पूर्व प्रधान, उदय सिंह दादाल पूर्व मंडल अध्यक्ष पोषणा, चंपालाल जी राजपुरोहित अंकोल, मोहन लालाजी पुरोहित इरादा सरपंच का साफा और माला दुपट्टा से स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में नाथू सिंह तीखी, ठाकुर दीप सिंह आंवलोज, नरपत सिंह आंवलोज, जोगराज राजपुरोहित आलासन, रतन सिंह बालावत निम्बलाना, भरताराम चौधरी, केवडा राम चौधरी, अमराराम माली, मोहन माली, अचलसिंह बालवाडा, मोहन सिंह बालवाडा, कसनाराम प्रजापत, मोहन लाल सुथार, गुमान सिंह राजपुरोहित, हुकुम सिंह जी सरपंच साफाडा, मांगू सिंह राव, ओम करण सिंह मुडी, नैन सिंह बिशनगढ, अर्जुन सेन आदि उपस्थित थे।

# 11565 लीटर तेल सीज

**पाली**, (नि.सं.)। प्रदेशभर में शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत मिलावट खोरो के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही को अंजाम देते हुये पाली खाद्य सुरक्षा विभाग ने बड़ी कार्यवाही की है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण एच गुईटे व अतिरिक्त आयुक्त पंकज कुमार ओझा के निर्देशन में मिलावट पर वार करते हुये टीम ने पाली के मंडिया रोड शेखो की ढाणी स्थित फैक्ट्री पर कार्यवाही करते हुये 11565 लीटर तेल सीज किया है।

अभिहीत अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विकास मारवाल ने बताया की मुखबीर की सूचना पर होली से एक दिन पूर्व फैक्ट्री पर मिलावट का संदेह होने पर टीम में दबिच दी थी, जिसके पश्चात् सोमवार सुबह सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल व खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेश चन्द्र शर्मा मय टीम द्वारा कार्यवाही के लिए जी.के. प्रोटीन्स फैक्ट्री पहुचें वहां पर टीम द्वारा निरीक्षण व जांच पड़ताल करने पर अनेक ब्रांड का तेल पाया गया।

इस पर सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल व खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कार्यवाही करते हुये तेल में मिलावट के संदेह पर जंग व पुराने टीन में पैक तेल पर संदेह जाहीर करते हुये 11565 लीटर तेल सीज किया गया।

इन सभी खाद्य तेल के नमूने लिये गये तथा उन्हे जांच हेतु जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला भेजा गया। जिसकी रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद विभाग द्वारा भारतीय खाद्य मानक अधिनियम 2011 व विनियम 2006 के तहत कार्यवाही की जायेगी। इस बडी कार्यवाही को अंजाम देने में खाद्य सुरक्षा विभाग के डीओ डॉ विकास मारवाल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेश चन्द्र शर्मा, लक्ष्मणदान चारण, ओम प्रकाश प्रजापत मौजूद रहे। इस दौरान रोजाना ब्रान्ड के 255 टीन सोयाबीन तेल के 390 टीन पॉमोलीन ऑयल व 126 टीन सरसो तेल के सीज किये गये। विभाग द्वारा 04 घटें लगातार कार्यवाही कर 03 नमूने जांच हेतु लिये। जिसे जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला में जांच के लिए भिजवाया गया।



जैसलमेर शहर के प्राचीन सांवलसा मंदिर में भगवान के झूला दर्शन प्रारम्भ हो गए। पुजारी सतीश बिस्सा के अनुसार झूला दर्शन के साथ ही आने वाली पाप मोचनी एकादशी 25 मार्च को सुबह साढ़े सात बजे से सांय तक दर्शणार्थी सांवलसा भगवान की परिक्रमा कर सकेंगे। फोटो-राष्ट्रदूत

# आर.टी.ई. भुगतान पर पुन: विचार की मांग की



जालोर में निजी विद्यालय संघ ने आर.टी.ई. के भुगतान पर पुन: विचार करने की मांग को लेकर शिक्षा मंत्री के नाम जिला कलैक्टर को ज्ञापन सौंपा। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। निजी विद्यालय संघ जालोर ने सोमवार को आरटीई भुगतान नियमो व प्रावधानों के उल्लंघन कर किये जा रहे भुगतान की कार्यवाही पर पुनः विचार कर नियमानुसार भुगतान करने की मांग को लेकर शिक्षा मंत्री के नाम जिला कलैक्टर डॉ.प्रदीप के.गावंडे को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि प्रतिवर्ष प्रारम्भिक शिक्षा के खर्चों के आधार पर यूनिट कॉस्ट तय कर उसी सत्र में 2 बार भुगतान करने का प्रावधान है। जबकि 5 सालों से वहीं यूनिट कॉस्ट दे रहे है तथा उसी सत्र की बजाय 3-3 सालों की देरी से भुगतान किया जा रहा है। आरटीई भुगतान को लेकर यूनिट कॉस्ट सौ प्रतिशत गलत भुगतान कर प्रत्येक स्कूल को नुकसान पहुंचा रहे है, जो नियम व प्रावधानों के विपरीत तो है बल्कि स्कूल संचालन के लिए आर्थिक बोझ बढाया जा रहा है।

वही बुक्स के मूल्यों का भुगतान अभिभावको को करने के बजाय सरकारी विद्यालयों में सरकार द्वारा जिस प्रकार निःशुल्क पाठ्य पुस्तके वितरण का प्रावधान है, उसी तर्ज पर सरकार द्वारा नवीन सत्र प्रारम्भ होने से पूर्व निजी विद्यालयों में भी निःशुल्क पाठ्य पुस्तके उपलब्ध करवायी जाये, ताकि आईटीई के तहत निःशुल्क अध्ययनरत छात्रो को समय पर पाठय पुस्तके वितरण की जा सके। आरटीई भुगतान सत्र के मध्य 2 बार देने का प्रावधान है।

जबकि सत्र 2024-25 का ना तो बजट दिया गया और ना ही दावा प्रपत्र जारी हो रहा है।

सत्र का अंतिम पडाव है। इसके लिए सत्र 2024-25 का आरटीई भुगतान अविलम्ब करवाया जाये।

## रोष जताया

**रेवदर**, (निसं)। गर्मियों का मौसम आते ही जगह-जगह पानी की समस्या देखने को मिल रही है।

मंडार कस्बे के खारीवाव में पिछले 7 दिनों से पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही थी।

इस पर महिलाएं एकत्रित होकर जलदाय विभाग कार्यालय पहुंची तथा मौके पर जेईएन के नहीं मिलने पर रोष जताते हुए जलदाय विभाग के खिलाफ नारेबाजी का। वार्ड सदस्य शकूर भाटी भी मौके पर पहुंचे व जेईएन को फोन से वार्ता की गई।

**आम सूचना**

हम महेन्द्र कुमार पुत्र भंवर लाल, 31 वर्ष जाति जाट निवासी रामपुरा , पोस्ट नाथावतपुरा तहसील जिला सीकर, पिनकोड नम्बर 332001 व ओम प्रकाश यादव पुत्र मोहन लाल यादव उम्र 43 वर्ष जाति जाट , निवासी कुन्डलपुर , अन्तरी, तहसील व जिला सीकर पिन कोड नम्बर 332021। (राजस्थान) भागीदारी फर्म **मैसर्स - खाटु श्याम ग्रेनाईट** में दिनांक 01.03.2021 से भागीदारी है । जिसका पता मादलपुरा भीनमाल रोड भागली सिन्धलान जालोर है जिसका भागीदारी पंजीयन जिला उधोग केन्द्र जालोर मे पंजीयन क्रमाक **RF/JLR/2021/2940** दिनांक 24.08.2021 को किया हुआ है यह है कि श्री ओम प्रकाश यादव पुत्र मोहन लाल यादव भागीदारी फर्म मैसर्स खाटु श्याम ग्रेनाईट से भागीदारी समाप्त करने का निर्णय लिया है, अतः इससे किसी भी व्यक्ति या फर्म को किसी भी प्रकार की आपत्ती हो तो इस दिनांक से आगामी दस दिन के भीतर जिला उधोग केन्द्र जालोर को सूचित करावे ।

दिनांक -17-03-2025 **ओमप्रकाश**

**कार्यालय ग्राम पंचायत मेड़ाउपरला, पं.स. जालोर जिला जालोर**

क्रमांक/ग्रापं/2024-25/41 दिनांक: 17-03-2025

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत मेड़ाउपरला द्वारा 3 कार्यो हेतु राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियमों के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग , जल संसाधन विभाग , जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनो में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी । निविदा के सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं ग्राम पंचायत नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है ।

**NIB NO : ZJR2425A0608**
**UBIN : ZJR2425WSOB01176 to ZJR2425WSOB01178**

**सरपंच** ग्राम पंचायत मेड़ाउपरला पं.स. जालोर (राज.)
**ग्राम विकास अधिकारी** ग्राम पंचायत मेड़ाउपरला पं.स. जालोर (राज.)

**कार्यालय ग्राम पंचायत मेड़ाउपरला, पं.स. जालोर जिला जालोर**

क्रमांक/ग्रापं/2024-25/35 दिनांक: 17-03-2025

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत मेड़ाउपरला द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियमों के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग , जल संसाधन विभाग , जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनो में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी । निविदा के सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://sppp.rajasthan.gov.in , http://eproc.rajasthan.gov.in एवं ग्राम पंचायत नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है ।

**NIB NO : ZJR2425A0607**
**UBIN : ZJR2425WSOB01174 to ZJR2425WSOB01175**

**सरपंच** ग्राम पंचायत मेड़ाउपरला पं.स. जालोर (राज.)
**ग्राम विकास अधिकारी** ग्राम पंचायत मेड़ाउपरला पं.स. जालोर (राज.)

## रात्रि चौपाल आज

**जालोर**, (का.सं.)। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे 18 मार्च, मंगलवार को सायं 7 बजे से जालोर उपखण्ड के बाकरा रोड़ ग्राम में रात्रि चौपाल करेंगे।

बाकरा रोड ग्राम में मंगलवार को होने वाली रात्रि चौपाल के दौरान जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करेंगे।

# बालिका ने खुद को महिला किडनेपर से बचाया

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। स्थानीय गांधी कॉलोनी से डांगरा पाड़ा अपनी दादी से मिलने आई 11 वर्ष की बालिका रविवार रात्रि में घर के बाहर खेल रही थी। उसी दौरान बालिका को किसी महिला ने उसे किडनैप कर लिया। बालिका के अनुसार एक महिला स्कूटी पर नकाब पहनकर आई और उसे गली में अकेले देख पकड़कर चेहरे पर कपड़ा डाला और स्कूटी के आगे बैठाकर ले भागी। बच्ची ने खुद को छुड़ाने का प्रयास किया मगर वो सफल नहीं हुई। करीब 3 सौ मीटर दूर जाने पर मौका देख उसने महिला के पैर पर जोर से काटा तो उसने झल्लाकर उसे छोड़ दिया और स्कूटी लेकर फरार हो गई।

जानकारी मिलने पर परिजनों ने कोतवालीमामला दर्ज करवाया। पुलिस की टीम कैमरों की पड़ताल कर महिला की तलाश कर रही है।

# फ्लैगशिप योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग करें : डॉ. प्रदीप गावंडे



जालोर के कलैक्ट्रेट में कलैक्टर डॉ.प्रदीप के .गावंडे ने अधिकारियों की बैठक ली। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**,(कासं)। जिला कलैक्टर प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जिले में केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने मुख्यमंत्री निशुल्कः दवा एवं जांच योजना, जल जीवन मिशन, आरडीएसएस योजना, श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना, मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को इन योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जिले में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं विद्युत विभाग के प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यों को तय समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को कहा कि विभागीय अधिकारी बजट घोषणाओं के स्वी.त कार्यों के लिए नियमानुसार भूमि चिन्हीकरण एवं आवंटन कार्यों के संबंध में संबंधित उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार से समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों को पूर्ण करें।

कलैक्टर ने संपर्क पोर्टल पर प्राप्त हुए प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की तथा विभागीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर प्राप्त आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जिले में राज्य सरकार के निर्देशानुसार माह के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय गुरुवार को आयोजित होने वाली त्रिस्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान व्यवस्था शिविर की समीक्षा करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी जनसुनवाई के दौरान जिले के नागरिकों की परिवेदनाओं का समयबद्धता के साथ गुणवत्तापूर्ण समाधान करें तथा शेष रहे प्रकरणों को सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज कर उनका जल्द निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान की जावें।

इस अवसर पर सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रमेश सिंघारिया, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. गिरधरसिंह सोढा, जिला रसद अधिकारी आलोक झरवाल सहित अधिकारी कार्मिक उपस्थित रहे।

## सम्मेलन व होली स्नेह मिलन हुआ

**पाली**, (नि.सं.)। श्री कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज पाली का प्रान्तीय सम्मेलन गणेश मंदिर नागा बाबा की बगीची रेलवे स्टेशन रोड पर किया गया

समारोह में अखिल भारतीय कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा, कानपुर के महामंत्री महेश कुमार मिश्रा, केन्द्रीय कार्यकारिणी के महामंत्री सुनील कुमार तिवारी, जयपुर कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश चंद्र द्विवेदी, कटनी मध्य प्रदेश के राष्ट्रीय मंत्री रमाकांत दीक्षित, प्रदेश कन्या विवाह संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी, कोटा से राष्ट्रीय मंत्री दीपक राज दुबे, जोधपुर कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अनिल मिश्रा, भूतपूर्व अध्यक्ष नरेश मिश्रा, जयपुर से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद दुबे, बीकानेर के अंतराष्ट्रीय सोफ्टबाल कोच व राष्ट्रीय सदस्य सुबोध मिश्रा, प्रदेश कन्या विवाह के कोषाध्यक्ष हरिओम अग्निहोत्री, अजमेर कान्यकुब्ज समाज के सचिव देवदत मिश्रा, कटनी ब्राह्मण समाज के उपाध्यक्ष अमित मिश्रा, ने इस प्रान्तीय सम्मेलन व होली स्नेह मिलन में मुख्य अतिथि के सानिध्य में सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**कार्यालय श्री कान्हड़देव सोनगरा कृषि उपज मण्डी समिति, जालोर**

(लेटा फाटक के पास, आहोर रोड, जालोर -343001)

Email:- kums.jalore@rajasthan.gov.in

**निविदा सूचना क्रमांक 1312-17 दिनांक 12.03.2025**

सर्वसाधारण / ईलेक्ट्रोनिक सामग्री विक्रेता को सूचित किया जाता है कि, इस मण्डी समिति को सी.सी. टीवी कैमरे / लेपटॉप / कम्प्युटर / हार्ड डिस्क / इन्वेटर मय बैटरी / यू.पी.एस / कलर प्रिन्टर इत्यादि वर्ष 2024-25 में क्रय किये जाने है वांछित विभगों से पंजिकृत एवं इच्छूक व योग्य निविदादाता फर्मो / संस्थाओं से निम्नानुसार निविदायें आमंत्रित की जाती है । इस मण्डी समिति द्वारा उपरोक्त मुहरबन्द निविदाएं आंमत्रित की जाती है । निविदा फार्म शुल्क व धरोहर राशि डिमाण्ड ड्राफट / बैकर्स चैक (कृषि उपज मण्डी समिति जालोर के नाम देय) के रुप में स्वीकार्य है निविदा धरोहर राशि क्र.सं. 01 की 13500/- रु एवं क्र.सं 02 की 22500/- रुपये दिनांक 24.03.2025 दोपहर 02:00 बजे तक कृषि उपज मण्डी समिति जालोर में उपस्थित होकर जमा करानी होगी तथा इसी दिन निविदाएं साय 04:00 बजे उपस्थित निविदादाताओ के समक्ष खोली जायेगी । निविदाएं वेबसाईट **http:www.sppp.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है ।।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | बजट राशि ( लाखो मे ) |
|---|---|---|---|
| 1 | सीसीटीवी कैमरे<br>1.CP Plus NVR 32 ch 4k<br>2. Hikivision Cam DS-2CD1347G2H-LIUA<br>3. TRG POE Switch 4+2 Full GIGA<br>4. CP Plus 8 POE Giga CP- DNW-GPU8G2<br>5. D- Link Cat6 305 Mtr Cable pack<br>6. D - link Plug RJ45<br>7. Outdoor Poe Rack<br>8. Consistent Hard Disk 10 TB Sata Su<br>9. Smart Tv 32 inch<br>10. Service Repair Charge / Labout Charge | 01 Pcs<br>18 Pcs<br>02 Pcs<br>02 Pcs<br>04 Pcs<br>100 Pcs<br>02 Pcs<br>01 Pcs<br>01 Pcs<br>18 Unit | 2.70 |
| 2 | लेपटॉप / कम्प्युटर / हार्ड डिस्क / इन्वेटर मय बैटरी / यु. पी. एस / कलर प्रिन्टर<br>1. Dell OIN353010031RINS1 17 13th 16<br>2. Dell 5430 INS5430FR0KC001ORS1 15 1 All In One 15 13th 08/512 Windows + office 24" Full HD 03 Year warranty<br>3. Consistent Hard Disk SSD 256 GB<br>4. Luminious UPS 2300<br>5. Luminious Battery 18042TJ 12 V-150<br>6. Service Repair Charge / Invertor Fitting and Service<br>7. Epson colour Ecotank L6270 wi-fi Duplex All in one Ink Tank Printer With ADF , Black | 02 Pcs<br>02 Pcs<br>02 Pcs<br>01 Pcs<br>02 Pcs<br>01 unit<br>02 Pcs | 4.50 |

निविदा खोलने की दिनांक व अन्य संशोधन विवेकाधिकार टेण्डर कमेटी की होगा ।

(मनोज) प्रशासक कृषि उपज मण्डी समिति, जालोर

(कल्याण सिंह भाटी ) सचिव कृषि उपज मण्डी समिति, जालोर